**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 4763 / कार्य-25 / 112 दिनांक 05-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'साहब! टंकी बन गई, बोरिंग भी हो गई पर गांव में आज तक नही पहुंचा पानी'** के संदर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मसौली पेयजल योजना, विकास खण्ड मसौली में योजनान्तर्गत पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लाइन–90 प्रति0 एवं 1100 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है तथा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदे गये रास्तों को अधिकांश जगह आवागमन हेतु बना दिया गया है। पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त समस्त रास्तों की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। धनाभाव के कारण योजना के कार्य प्रभावित है, धनावंटन होने के उपरान्त योजनान्तर्गत माह दिसम्बर, 2026 तक अवशेष कार्य पूर्ण कराकर समस्त ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं को दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**
**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— श्री अजय रंजन, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी) बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# साहब! टंकी बन गई, बोरिंग भी हो गई पर गांव में आज तक नहीं पहुंचा पानी

Jun 04, 2026 11:38 pm IST
Newswrap  हिन्दुस्तान, बाराबंकी

Preferred

मसौली। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का दावा ग्राम

हिन्दुस्तान



Story continues below advertisement






Scanned with OKEN Scanner

मसौली। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का दावा ग्राम पंचायत मसौली में फेल होता नजर आ रहा है। तीन वर्ष पूर्व यहां पर बोरिंग हो चुकी है, पानी की टंकी का निर्माण भी हो चुका है। लेकिन आज तक एक भी घर में सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। जिससे नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर तत्काल जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत मसौली निवासी महफूज आलम सहित दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र डीएम को देकर बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए पूरे गांव की सड़कें खोद दी गई।

Story continues below advertisement

काम पूरा होने के बाद भी न तो जलापूर्ति शुरू हो सकी है और न ही घरों तक कनेक्शन पहुंच सके हैं। मसौली जैसी बड़ी पंचायत के लोग आज भी सरकारी हैंडपंप या फिर निजी संसाधनों के भरोसे हैं। गर्मी में हैण्डपंप भी जवाब दे जाते हैं जिससे महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग की है कि यदि नवनिर्मित पानी की टंकी के संचालन में कोई तकनीकी समस्या है तो उसके ठीक होने तक गांव में सीधे जलापूर्ति शुरू की जाए। सुबह-शाम दो-दो घंटे सप्लाई चलाकर राहत दी जा सकती है। डीएम ने गांव के लोगों की समस्या का निस्तारण का आश्वासन दिया है।

कृपया अपने अनुभव को रेट करें

लेखक के बारे में
**Hindustan**
हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है। ...और पढ़ें

Barabanki News Barabanki Latest N

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर, और राशिफल, पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउ

You May Like

महिलाओं में बांझपन का सही इलाज क्या है
कई महिलाएं बांझपन की समस्या को समझने के लिए सही जानकारी खोज रही हैं। सही समय पर सही तरीका जानना महत्वपूर्ण हो सकता है। जानिए इससे जुड़ी जरूरी बातें।
और जानें
Kulvansh



Scanned with OKEN Scanner